# आपकी कहानी विकलांगता कानूनी समर्थन (Your Story Disability Legal Support) को 1800 77 1800 पर कॉल करें या हमारी वेबसाइट पर जाएँ www.yourstorydisabilitylegal.org.au

यदि आप एक आदिवासी और या टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर व्यक्ति हैं, तो हम आपको किसी आदिवासी कानूनी सेवा से जोड़ सकते हैं।

Interpreter

यदि आपको दुभाषिए की आवश्यकता है, तो हम आपके लिए निःशुल्क दुभाषिए की व्यवस्था कर सकते हैं। हमें अपनी भाषा बताएँ और हम आपके लिए इसकी व्यवस्था करेंगे।

NATIONAL RELAY SERVICE

यदि आपको सुनने या बोलने में परेशानी होती है, तो आप राष्ट्रीय रिले सेवा (एनआरएस) को 133 677 पर या टीटीवाई 02 9219 5126 पर कॉल करके हमसे संपर्क कर सकते/सकती हैं।

YOUR STORY

DISABILITY LEGAL SUPPORT

विकलांगता राजकीय आयोग के साथ अपनी कहानी को साझा करने के लिए निःशुल्क, स्वतंत्र कानूनी सहायता

# YOUR STORY

DISABILITY LEGAL SUPPORT

# क्या आप विकलांगता राजकीय आयोग के साथ अपनी कहानी साझा करना चाहते/चाहती हैं?

**1800 77 1800 पर कॉल करें (नि:शुल्क कॉल)**
**www.yourstorydisabilitylegal.org.au**

इनकी एक संयुक्त पहल:

National Legal Aid

NATSILS
National Aboriginal and Torres Strait Islander Legal Services
TRUE JUSTICE FOR OUR PEOPLE

**विकलांगता राजकीय आयोग दुर्व्यवहार का अनुभव करने वाले विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए अपनी कहानी साझा करने और अपनी बात को सम्मानपूर्वक सुने जाने का एक अवसर है।**

## हम कौन हैं?

आपकी कहानी विकलांगता कानूनी समर्थन (Your Story Disability Legal Support) आपको विकलांगता राजकीय आयोग के साथ अपनी कहानी साझा करने में समर्थन दे सकता है। हम स्वतंत्र और गोपनीय कानूनी सलाह व समर्थन देते हैं।

हम विकलांगता राजकीय आयोग से स्वतंत्र हैं।

## हम क्या करते हैं?

हम कई कार्यों में आपकी सहायता कर सकते हैं। आप अपनी कहानी साझा करने से पहले हमारे साथ बात कर सकते/सकती हैं, यदि:

- आप सुरक्षा, सेवाओं की सुलभता या रोजगार के बारे में चिंतित हैं
- आप अपनी कहानी को निजी रखना चाहते/चाहती हैं
- आप किसी ऐसे व्यक्ति या संगठन का नाम बताना चाहते/चाहती हैं, जिसने आपको चोट पहुंचाई थी या आपके साथ दुर्व्यवहार किया था
- आपने यह कथन देने वाले दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए हैं कि जो हुआ, उसके बारे में आप बात नहीं कर सकते/सकती हैं
- आप किसी जारी कानूनी कार्यवाही में शामिल हैं।

# हम सहायता कैसे कर सकते हैं?

अपनी कहानी बताने से पहले कानूनी सलाह लेना एक अच्छा विचार है।

हम आपके साथ इन बातों पर काम कर सकते हैं:

- यह तय करना कि आप अपनी कहानी कैसे बताना चाहते/चाहती हैं
- आपको अपनी प्रस्तुति जमा करने के लिए समर्थन देना
- आपको राजकीय आयोग के साथ एक निजी सत्र में समर्थन देना
- आपको अन्य कानूनी समस्याओं में सहायता देना, जैसे NDIS
- आपको अपनी कहानी बताने से पहले, उसके दौरान और बाद में समर्थन देना
- आपको परामर्श और पक्ष-समर्थन के साथ जोड़ना।

यदि हम आपकी कानूनी या गैर-कानूनी समस्या को हल करने में आपकी सहायता नहीं कर सकते हैं, तो हम किसी ऐसे व्यक्ति से आपका संपर्क करा सकते हैं जो यह कर सकता है।

हमारे सामाजिक कार्यकर्ता भी आपको अपनी कहानी सुनाने में समर्थन दे सकते हैं। वे आपके साथ बात कर सकते हैं और समर्थन सेवाओं के लिए जानकारी और रेफरल दे सकते हैं।